## न्यूज डायरी



### भारत के सोहम मुखर्जी ने बना गिनीज बुक रेकॉर्ड, एक पैर से 101 छलांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। दुबई में रहने वाले एक भारतीय युवा ने अद्भुत कारनामा कर दिखाया है और देश के नाम एक गौरव जोड़ दिया है। सोहम मुखर्जी ने एक पैर से 101 बार कूदकर अपना नाम गिनीज वर्ल्ड रेकॉर्ड में दर्ज करा लिया है। इस कारनामे का वीडियो सोहम ने अपलोड किया था और सभी मानकों को ध्यान में रखते हुए गिनीज बुक के अधिकारियों ने उनके नाम यह करतब दर्ज किया। दिल्ली से ताल्लुक रखने वाले मुखर्जी ने 30 सेकेंड में 96 बार कूदने के पिछले रेकॉर्ड को तोड़ दिया। रिकॉर्ड तोड़ने पर वैश्विक संस्था ने एक बयान जारी करके कहा, शयनकक्ष में लिए गए वीडियो में मुखर्जी कुल 110 बार कूदा लेकिन इसमें से नौ को अमान्य घोषित किया गया। मुखर्जी ने कहा कि इसे दो कैमरों से रिकॉर्ड किया गया और पास से 'स्लो मोशन' से इसे नापा गया।

### भारी बारिश, बाढ़ से मध्य जापान के पर्यटक स्थलों पर सैंकड़ों लोग फंसे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। मध्य जापान में खूबसूरत गर्म पानी के झरने और पर्वतीय क्षेत्रों में बाढ़ और कीचड़ धंसने की वजह से सैंकड़ों लोग फंस गए हैं। वहीं, दक्षिणी क्षेत्र में बृहस्पतिवार को भी बचावकर्मी आपदा की वजह से लापता हुए लोगों की तलाश में जुटे रहे। यहां अब तक यहां करीब 60 लोगों की मौत हो चुकी है। नगानो और गीफू समेत खूबसूरत पर्वत और गर्म पानी वाले इलाकों में बारिश की वजह से बाढ़ आई हुई है। प्रांतीय अधिकारियों ने बताया कि होटल कर्मचारी और पर्यटकों समेत 300 से ज्यादा लोग कमीकोची में फंसे हैं क्योंकि इस स्थान को नगानो के अन्य पर्यटन स्थल माटसुमोटो से जोड़ने वाली मुख्य सड़क कीचड़ धंसने से प्रभावित है। हालांकि यहां फंसे सभी लोग सुरक्षित हैं। वहीं पड़ोसी गीफू के गीरो और ओन्तेक में सैकड़ों लोग गर्म झरनेवाले क्षेत्र में अलग–थलग हो गए हैं। बृहस्पतिवार तक बारिश की वजह से मरनेवालों की संख्या बढ़कर 59 हो गई। बारिश पिछले सप्ताह के अंत में शुरू हुई थी। मरनेवालों में ज्यादातर लोग बेहद प्रभावित कुमामोटो प्रांत से हैं।

### चीन में पटाखों की फैक्ट्री में विस्फोट से छह लोग घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। चीन के दक्षिण पश्चिम सिचुआन प्रांत में एक पटाखे की फैक्ट्री में विस्फोट होने से छह लोग घायल हो गए।सरकारी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार गुआंग्हान शहर के नानफेंग स्थित फैक्ट्री में बुधवार रात आग लगने के बाद यह विस्फोट हुआ।फैक्ट्री के सुरक्षाकर्मियों ने आग की लपटे देख पुलिस को घटना की जानकारी दी। लोगों को वहां से निकालते समय यह भीषण विस्फोट हुआ। इसमें छह लोग घायल हो गए। उसने बताया कि घायलों में से दो की हालत गंभीर है। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' ने गुआंग्हान के शीर्ष अधिकारी झांग जुन्यी के हवाले से कहा कि जिन्यान पटाखा फैक्ट्री बंद थी।

### फसलों को नुकसान, पूर्वी अफ्रीका में बनाया जा रहा टिड्डा–कबाब!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नैरोबी। टिड्डों का आतंक सिर्फ भारत और पाकिस्तान में नहीं, पूर्वी अफ्रीका में भी भयानक तरीके से छाया हुआ है। ऐसे में वैज्ञानिकों ने इनसे निजात पाना के कई तरीकों पर काम करना शुरू कर दिया है। टिड्डे मारने के लिए वे कीटनाशकों का इस्तेमाल कर रहे हैं, एक–दूसरे के खिलाफ ही टिड्डों का इस्तेमाल कर रहे हैं, यहां तक कि टिड्डों के पकवान तक बनाए जा रहे हैं। इस बार टिड्डों का तीन पीढ़ियों से भी ज्यादा खतरनाक हमला देका जा रहा है जो बेमौसम नमी वाले हालात के चलते बढ़े हैं और चक्रवातों की वजह से फैलते जा रहे हैं।

वर्ल्ड बैंक ने अंदाजा लगाया है कि इस साल पूर्वी अफ्रीका और यमन को टिड्डों की वजह से 8.5 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। टिड्डों को आमतौर पर उड़ने से पहले ही कीटनाशकों से मार दिया जाता है लेकिन इनकी वजह से दूसरे कीड़ों और पर्यावरण को भी नुकसान होता है। इसलिए इंटरनैशनल सेंटर ऑफ इन्सेक्ट फिजियॉलजी ऐंड इकॉलजी के वैज्ञानिकों ने बायोपेस्टिसाइड पर काम करना शुरू कर दिया है।

# कुलभूषण को फिर से अपील दायर करने का दिया मौका

## भारत के सख्त रुख के बाद अब पाकिस्तान पलट गया है

**दावा**

■पाकिस्तान ने दावा किया कि इस अपील के लिए उसे विशेष अध्यादेश लाना पड़ा है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की जेल में बंद कुलभूषण जाधव के मामले में भारत के सख्त रुख के बाद अब पाकिस्तान पलट गया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बुधवार देर शाम कुलभूषण जाधव को मौत की सजा के खिलाफ अपील करने की अनुमति दे दी। पाकिस्तान ने दावा किया कि जाधव को यह अपील दायर करने के लिए उसे विशेष अध्यादेश लाना पड़ा है। भारत ने पाकिस्तान के इस पूरे दावे को स्वांग करार दिया है।

पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय के दक्षिण एशिया मामलों के महानिदेशक जनरल जाहिद हाफिज और अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल अहमद इरफान ने दावा किया कि पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के फैसले के मुताबिक सभी जरूरी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अपील और समीक्षा याचिका को जाधव या उनके कानूनी प्रतिनिधि या इस्लामाबाद में भारत के काउंसलर अधिकारी दायर कर सकते हैं।



**भारत ने पाकिस्तान के दावे को स्वांग करार दियाः** इससे पहले पाकिस्तान ने कहा था कि मौत की सजा का सामना कर रहे भारतीय कैदी कुलभूषण जाधव ने सैन्य अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के खिलाफ इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में अपील दायर करने से इनकार कर दिया है। हालांकि, भारत ने पाकिस्तान के इस दावे को श्स्वांगश करार दिया है। भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी जाधव (50) को 'जासूसी और आतंकवाद' के आरोपों पर अप्रैल 2017 में पाकिस्तानी सैन्य अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी।

भारतीय नौसेना के सेवानिवृत्त अधिकारी जाधव (50) को 'जासूसी और आतंकवाद' के आरोपों पर अप्रैल 2017 में पाकिस्तानी सैन्य अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। इसके कुछ हफ्ते बाद, भारत ने जाधव को

**जाधव को एक फर्जी मुकदमे के जरिए मौत की सजा**

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, श्जाधव को एक फर्जी मुकदमे के जरिये मौत की सजा सुनाई गई। वह पाकिस्तानी सेना की हिरासत में हैं। उन पर स्पष्ट रूप से पुनर्विचार याचिका दायर नहीं करने के लिये दबाव डाला गया। उन्होंने कहा कि भारत ने उन तक निर्बाध पहुंच की मांग की थी जिससे उनके साथ एक अध्यादेश के तहत उपलब्ध विकल्पों पर चर्चा की जा सके।

राजनयिक पहुंच नहीं दिए जाने और मृत्युदंड को चुनौती देते हुए आईसीजे का रूख किया था। हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने पिछले साल जुलाई में फैसला दिया था कि पाकिस्तान को दोषसिद्धि की समीक्षा करनी चाहिए और बिना किसी देरी के जाधव को राजनयिक पहुंच देना चाहिए।

**19 जुलाई तक दायर करनी है अपीलः** बुधवार को पाकिस्तान के अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल अहमद इरफान ने कहा कि 17 जून 2020 को जाधव को अपनी सजा और दोषसिद्धि की समीक्षा के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में अपील दाखिल करने की पेशकश की गयी। जाहिद हाफिज चौधरी के साथ इरफान ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'अपने कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करते हुए कमांडर जाधव ने अपनी सजा और दोषसिद्धि की समीक्षा और पुनर्विचार के लिए याचिका दाखिल करने से मना कर दिया। इसके बजाय उन्होंने अपनी लंबित दया याचिका पर आगे बढ़ने का फैसला किया।'

## अब दहल से मिलने पहुंची चीनी राजदूत हाओ यान्की

ओली–दहल में 6 बैठकें भी बेनतीजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। नेपाल में उठा सियासी तूफान फिलहाल थमता नहीं दिख रहा है। देश के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और कम्युनिस्ट पार्टी के को–चेयर पुष्प कमल दहल के खेमों ने स्टैंडिंग कमिटी की बैठक दोबारा शुरू करने पर रजामंदी जता दी और पुष्प कमल दहल ने कोई विरोध प्रदर्शन नहीं करने पर सहमति जताई लेकिन फिर भी पीएम के सपॉर्ट में बुधवार को कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन हुए। वहीं, नेपाल में चीन की राजदूत हाओ यान्की ने आखिरकार दहल से मुलाकात की है जो अभी तक उनसे नहीं मिले थे।

दहल के एक करीबी सूत्र ने काठमांडू पोस्ट को बताया है कि गुरुवार सुबह 9 बजे हाओ दहल के निवास पर पहुंचीं और करीब 50 मिनट तक बात की। बैठक में क्या चर्चा हुई, इसे लेकर विस्तृत जानकारी का अभी इंतजार है। नेपाल की राजनीति में हलचल होने के साथ ही हाओ ने एक के बाद एक कई नेताओं के संग बैठकें की हैं, जिनमें राष्ट्रपति बिद्या भंडारी, पीएम ओली, पार्टी के सीनियर नेता माधव कुमाप नेपाल और झालनाथ खनाल सामिल रहे। हालांकि, अभी तक प्रचंड उनसे मिलने के लिए तैयार नहीं थे। हालांकि, फिलहाल किसी भी तरह की सुलह नहीं हुई है।



**लंबाई 6 फुट 9 इंच, दुनिया में सबसे लंबी टांगें**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शिकागो। आज हम आपको एक ऐसी लड़की की कहानी बताने जा रहे हैं जो अपनी टांगों को बेहद खूबसूरत मानती हैं, लेकिन उसकी वजह से उन्हें काफी परेशानी भी हो रही है। दरअसल इस लड़की की हाइट 6 फीट 9 इंच है और इसकी टांगों की लंबाई 52.8 इंच है, जिसे दुनिया में सबसे लंबी टांगे होने का दर्जा प्राप्त है। इस महिला का नाम है रेंटसेनखोरलू। हालांकि इन्हें इनके निक नेम रेन से बुलाया जाता है। रेन का जन्म मंगोलिया में हुआ था लेकिन अब वह शिकागो में रहती हैं। रेन बताती हैं कि उन्हें अपनी टांगें बेहद पसंद हैं और वह शॉर्ट्स पहनकर इसे दिखाती भी हैं। मुझे किसी भी जगह एंट्री करने के लिए बेहद झुकना पड़ता है।

## चीन की नापाक साजिश, अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर तेजी से रोड बना रहा ड्रैगन

चीनी राजदूत के दबाव का असर!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। पूर्वी लद्दाख में भारत को सड़कें बनाने से रोक रहा चीन अब अरुणाचल प्रदेश की सीमा सटकर तेजी से सड़कें बनाने में जुट गया है। इसके लिए चीन सभी तरह के इलाकों में काम करने में सक्षम एक्सकवेटर का इस्तेमाल कर रहा है। इन मशीनों को स्पाइडर एक्सकवेटर कहा जाता है। चीनी सैनिक यह सड़क ब्रह्मपुत्र नदी जहां भारत में प्रवेश करती है, उसके पास बना रहे हैं।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक चीनी सेना पीएलए के तिब्बत मिलिट्री डिस्ट्रिक्ट की ओर से जारी एक वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि चीनी सैनिक ब्रह्मपुत्र नदी के पास बहुत तेजी से सड़क बना रहे हैं। इस दौरान स्पाइडर एक्सकवेटर का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके जरिए पहाड़ी इलाकों में आसानी से सड़क का निर्माण किया जा सकता है। चीनी सेना बड़े पैमाने पर इन एक्कवेटर का इस्तेमाल करती है। चीन में ब्रह्मपुत्र नदी को यारलुंग नदी कहा जाता है।

**आधारभूत ढांचे को बहुत तेजी से उन्नत कर रहा चीनः** बता दें कि चीनी सेना ने भारत से लगती एलएसी पर आधारभूत ढांचे को बहुत तेजी से उन्नत कर रहा है। भारत भी इसके जवाब में सड़कें और आधारभूत सुविधाओं को बढ़ा रहा है। इसकी वजह से दोनों ही देशों के बीच अक्सर विवाद होता रहता है। चीन ने आरोप लगाया था कि भारत पूर्वी लद्दाख में सड़कें बना रहा है, इसकी वजह से उन्हें हस्तक्षेप करना पड़ा है। लद्दाख से पहले डोकलाम में भी इस तरह का विवाद हो चुका है।

उधर, लद्दाख की घटना के बाद भारतीय सेना ने ऐहतियाती कदम उठाते हुए पूरे एलएसी सहित यहां भी तैनाती बढ़ाई है। अरुणाचल प्रदेश में एलएसी का यह हिस्सा पहले से ही संवेदनशील माना जाता है।

## ट्रंप ने अमेरिकी स्कूलों को दी चेतावनी: फिर से खोलो या निधि में कटौती के लिए तैयार रहो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। कोरोना वायरस संकट के बावजूद अमेरिका में स्कूलों को फिर से खोलने के दृढ़ निश्चय के साथ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को चेताया कि अगर पतझड़ के मौसम तक स्कूल नहीं खुलते हैं तो उनको दी जाने वाली संघीय निधि रोक ली जाएगी। राष्ट्रपति ने शिकायत की कि उनके खुद के जन स्वास्थ्य अधिकारियों के सुरक्षा दिशा निर्देश अव्यावहारिक हैं। इसके फौरन बाद उपराष्ट्रपति माइक पेंस ने घोषणा की कि रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र अगले हफ्ते नए दिशा निर्देश जारी करेगा जिससे "हमारे स्कूलों को सभी नए तौर–तरीकों की जानकारी दी जाएगी।" उन्होंने कहा कि इन सिफारिशों से छात्र सुरक्षित रहेंगे लेकिन "राष्ट्रपति ने आज कहा है कि हम दिशा निर्देश बहुत सख्त नहीं चाहते हैं।"

इस बीच न्यूयॉर्क शहर ने एलान किया कि उसके ज्यादातर छात्र हफ्ते में केवल दो या तीन दिन कक्षाओं में आएंगे और बाकी के समय ऑनलाइन पढ़ाई करेंगे। मेयर बिल डे ब्लासियो ने कहा, "ज्यादातर स्कूलों में एक समय में सभी छात्र नहीं आ पाएंगे।"